# बजट अनुमान 2008-2009

बजट अनुमान 2008-09 में वर्ष 2007-08 के संशोधित अनुमानों की तुलना में 41,511 करोड़ रुपए की निवल बढ़ोतरी दिखाई गयी है । आयोजना-भिन्न व्यय में 5,649 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है। आयोजना व्यय के अन्तर्गत 35,862 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है जिसमें से 31,285 करोड़ रुपए केन्द्रीय आयोजना में और 4,577 करोड़ रुपए राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्र की आयोजनाओं के लिए केन्द्रीय सहायता से सम्बन्धित है। आयोजना भिन्न तथा आयोजना अनुमानों में मुख्य मदों की घट-बढ़ को नीचे सारणी में दिया गया हैः

*(करोड़ रुपए)*

| | संशोधित 2007-08 | बजट 2008-09 | घट-बढ़ कमी(-)/ वृद्धि(+) |
|---|---|---|---|
| **आयोजना-भिन्न** | | | |
| 1. ब्याज संदाय | 171971 | 190807 | (+)18836 |
| 2. रक्षा व्यय | 92500 | 105600 | (+)13100 |
| 3. खाद्य सब्सिडी | 31546 | 32667 | (+) 1121 |
| 4. पुलिस | 14154 | 15562 | (+) 1408 |
| 5. पेंशन | 24193 | 25085 | (+) 892 |
| 6. कृषि और संबद्ध सेवाएं | 2996 | 4972 | (+) 1976 |
| 7. अन्य संचार सेवाएं | 1516 | 2066 | (+) 550 |
| 8. राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों को अनुदान | 36431 | 43294 | (+) 6863 |
| 9. पूंजी परिव्यय | 49635 | 10567 | (-)39068 |
| 10. अन्य आयोजना-भिन्न व्यय | 76907 | 76878 | (-) 29 |
| **जोड़ (आयोजना-भिन्न) व्यय** | **501849** | **507498** | **(+) 5649** |
| **आयोजना** | | | |
| 1. केन्द्रीय आयोजना | 148669 | 179954 | (+)31285 |
| 2. राज्य और संघ राज्य क्षेत्र की आयोजनाओं के लिए केन्द्रीय सहायता | 58855 | 63432 | (+) 4577 |
| **जोड़ (आयोजना) व्यय** | **207524** | **243386** | **(+)35862** |

**आयोजना-भिन्न**

1. बाजार ऋणों पर ब्याज की अधिक आवश्यकता की वजह से और बाजार स्थितीकरण योजना के तहत तेल विपणन कम्पनियों, भारतीय खाद्य निगम और उर्वरक कम्पनियों को जारी विशेष प्रतिभूतियों पर ब्याज के प्रावधान के लिए।
2. रक्षा बलों के आधुनिकीकरण के लिए अधिक आवश्यकता के प्रावधान के लिए।
3. इस बढ़ोतरी में खाद्यान्नों की रखाव लागत तथा अनुमानित उठाव को ध्यान में रखा गया है।
4. आंतरिक सुरक्षा की आवश्यकताओं की वजह से।
5. यह बढ़ोतरी मुख्यतः पेंशनरों की संख्या में बढ़ोतरी तथा महंगाई राहत पर प्रत्याशित व्यय के लिए रखे गए प्रावधान की वजह से है।
6. सहकारी ऋण को सुदृढ़ करने की वजह से और दीर्घावधिक सहकारी ऋण को सुदृढ़ करने हेतु सुधार उपाय शुरु करने के लिए।
7. सार्वभौम सेवा दायित्व निधि को अधिक अंतरण की वजह से।
8. यह बढ़ोतरी बारहवें वित्त आयोग के फैसले के अनुसार अधिक अनुदानों की व्यवस्था करने की वजह से है।
9. यह बढ़ोतरी मुख्यतः भारतीय रिजर्व बैंक को भारतीय स्टेट बैंक में अपनी पण्य-धारिता के अधिग्रहण के लिए एकबारगी भुगतान करने और वर्ष 2007-08 में सामाजिक एवं अवसंरचना विकास निधि में 6,000 करोड़ रुपए के अंतरण की वजह से है।

**आयोजना**

1. अन्य बातों के साथ-साथ यह बढ़ोतरी सामाजिक क्षेत्र, विशेष रुप से स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण, महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक मामले और ग्रामीण विकास, कृषि, वित्त, विद्युत तथा भौतिक आधारभूत संरचना के लिए वर्धित आबंटन के लिए है।
2. यह बढ़ोतरी मुख्यतः सामान्य केन्द्रीय सहायता, विशेष आयोजना सहायता, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना, पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि, जवाहरलाल नेहरु राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना आदि के अन्तर्गत वर्धित आबंटन की वजह से है।